सार्वजनिक सूचना
वन विभाग हिमाचल प्रदेश
वन रक्षकों की अनुबन्ध के आधार पर भर्ती
सोलन वन वृत, सोलन।

हिमाचल प्रदेश वन विभाग के सोलन वन वृत में वन रक्षकों की **अनुबन्ध** के आधार पर (on contract basis) कुल 21 पदों के लिए सीधी भर्ती हेतू आनलाईन आवदेन आमन्त्रित किये जाते हैं। यह भर्ती सरकार द्वारा जारी अधिसूचना संख्या एफएफई–ए(बी)2–3/2016 दिनांक 12.07.2019 एवं 19.04.2021 के अनुसार की जा रही हैं। यह भर्ती वन रक्षकों के लिए भर्ती एवं पदोन्नति नियम व अधिसूचना संख्या एफएफई– ए–बी –2–23 /2010– पार्ट–I दिनांक 08.07.2016, अधिसूचना संख्या एफएफई– ए–बी –2– 8 /2017 दिनांक 26.08.2017 द्वारा संशोधित किए गए नियमों के आधार पर तथा सरकार द्वारा समय–समय पर निर्दिष्ट दिशा–निर्देशों के अनुसार की जा रही हैं। यह भर्ती खुली है और वन वृत स्तर पर की जा रही है। इसके लिये अभ्यार्थी का नाम हिमाचल प्रदेश में किसी भी रोज़गार कार्यालय/उप–रोज़गार कार्यालय में आवेदन की तिथि को पंजीकृत होना चाहिए। हिमाचल प्रदेश सरकार, श्रम एवं रोज़गार विभाग के कार्यालय ज्ञापन संख्याः श्रम(एफ)16–5/93, तारीख 9 मार्च, 2000 में अंतर्दिष्ट अनुदेशों के अनुसरण में रोज़गार कार्यालयों/उप रोज़गार कार्यालयों को रिक्तियां अधिसूचित करने के अतिरिक्त खुले आवेदन भी आमंत्रित किये जा रहे हैं।

इस प्रकार नियुक्त वन रक्षक को रूपये 7910/– (5910/– रूपये मूल वेतन + 2000/– रूपये ग्रेड पे)+150% बढा हुआ ग्रेड पे मासिक का निर्धारित (fixed) भुगतान किया जाएगा। चयनित उम्मीदवार को अनुबन्ध के आधार पर प्रारम्भ में एक वर्ष के लिए **नियुक्त किया** जाएगा जिसका नवीकरण/अवधि विस्तार प्रतिवर्ष सम्बन्धित अरण्यपाल द्वारा वर्ष के दौरान संतोषजनक सेवा और आचरण प्रमाणित करने के उपरान्त किया जाएगा। यदि अनुबन्ध में एक वर्ष की या उससे अधिक की बढ़ौतरी की जाती है तो पश्चात्वर्ती वर्ष/वर्षों के लिए अनुबन्ध राशि में सेवा नियमानुसार तीन प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि देने का प्रावधान है।

वन रक्षक का पद वृत स्तरीय संवर्ग का है। नवनियुक्त वन रक्षकों की पहली तैनाती कठिन क्षेत्रों में पद उपलब्धता के आधार पर प्रावधित है। प्रार्थी का वन वृत पहले 10 वर्ष की सेवा अवधि के दौरान बदला नहीं जाएगा व उसके बाद भी वृत वरिष्ठता गंवाए बिना नहीं बदला जाएगा। यदि आवेदक वन विभाग में भर्ती होने का इच्छुक हों और निर्धारित शर्तें एवं योग्यता पूरी करता हो, तो वह इस विज्ञापन के प्रकाशित होने के 45 दिन के भीतर हिमाचल प्रदेश वन विभाग की website URL: www.hpforest.nic.in के माध्यम से दिनांक 05.07.2021 से आनलाईन आवेदन सकता है। आवेदन की अन्तिम तिथि 19 अगस्त, 2021 है **केवल online आवेदन पत्र ही मान्य होगें**। महिला उम्मीदवार भी इन पदों के लिए आवेदन कर सकती हैं। हिमाचल प्रदेश गृह रक्षको के लिए आरक्षित पदों हेतु आवेदन समादेशक (कमान्डेण्ट) हि0 प्र0 गृह रक्षक विभाग द्वारा नामांकन के अनुसार लिए जाएंगे। सोलन वन वृत में श्रेणीबार उपलब्ध पदों का विवरण निम्न प्रकार से हैः–

श्रेणी	अनारक्षित	भूतपूर्व सैनिक	आई.आर.डी.पी.	गृह रक्षक	स्वतंत्रता सेनानियों के आश्रितों	प्रतिष्ठित खिलाड़ी	कुल योग
सामान्य	9	0	0	1	0	1	11
अनुसूचित जाति	0	1	1	0	0	0	2
अन्य पिछड़ी जाति	2	2	1	2	0	0	7
अनुसूचित जन जाति	0	0	0	0	0	0	0
आर्थिक कमजोर वर्ग (EWS)	1	0	0	0	0	0	1
योग	12	3	2	3	0	1	21

नोटः 1. भूतपूर्व सैनिक (Ex Servicemen) व खिलाड़ी (Sports Person) की भर्ती हेतू संबंधित विभागों के उच्चधिकारियों को प्रार्थियों के नाम अनुमोदित करने हेतू अलग से लिखा जा रहा हैं। अतः उपरोक्त श्रेणी के अभ्यार्थियों को आवेदन करने की आवश्यकता नहीं हैं।

2. रिक्तियां अस्थायी हैं और बिना किसी पूर्व सूचना के संशोधित की जा सकती है।

I-पात्रता की आवश्यक शर्तें एवं योग्यताएंः–

क. अभ्यर्थी भारत का नागरिक होना चाहिए।

ख. आवेदक की आयु 1 जनवरी, 2021 को 18 वर्ष से कम और 30 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए अर्थात आवेदक का जन्म 01.01.1991 से पूर्व व 31.12.2002 के बाद का नही होना चाहिए है।

नोटः– अनुसूचित जाति/अनुसूचित जन जाति एवं अन्य पिछड़ी जाति के उम्मीदवारों के लिए अधिकतम आयु सीमा में नियमानुसार छूट होगी। इसी प्रकार सार्वजनिक उपक्रम /स्वायत्त निकायों से सम्बन्धित आवेदकों तथा स्वतंत्रता सेनानियों के आश्रितो को भी नियमानुसार छूट का प्रावधान है।

ग. आवेदन करते समय अभ्यर्थी का नाम हिमाचल प्रदेश में किसी भी रोज़गार कार्यालय/उप–रोज़गार कार्यालय में पंजीकृत होना चाहिए तथा शारीरिक दक्षता परीक्षा की तिथि से पूर्व नवीनीकरण होना आवश्क हैं।

घ. आवेदक ने किसी मान्यता प्राप्त स्कूल शिक्षा बोर्ड/विश्वविद्यालय से 10+2 की परीक्षा उत्तीर्ण की हो या इस के समतुल्य हो।

ड. अन्य पिछडी जाति एवं IRDP,EWC संबंधी प्रमाणपत्र आवेदन की तिथि को वैध होना अनिवार्य है।

च.	**न्यूनतम शारीरिक मापदण्डः–**			पुरूष		महिला	
1)	लम्बाई			165	सैं0मी0	150	सैं0मी0
2)	छाती	(क)	बिना फुलाए	79	सैं0मी0	74	सैं0मी0
		(ख)	फुलाकर	84	सैं0मी0	79	सैं0मी0

नोटः– अनुसूचित जन जाति के आवेदकों को लम्बाई में 5 सैं0मी0 और छाती के माप में 4 सैं0मी0 की छूट होगी।

II- वांछनीय अहर्ताएंः

हिमाचल प्रदेश की रूढ़ियों, रीतियों और बोलियों का ज्ञान और प्रदेश में विद्यमान विशिष्ट दशाओं में नियुक्ति के लिए उपयुक्तता।

III- भर्ती प्रकियाः–

भर्ती प्रक्रिया में निम्नलिखित तीन परीक्षण होंगे जिनके अधिकतम अंक निम्न तालिका अनुसार हैंः–

क्रमांक	परीक्षण	निर्धारित अंक
1.	शारीरिक दक्षता	0 (उतीर्ण के लिए)
2.	लिखित परीक्षा	85
3.	मूल्यांकन मापदण्ड	15
	योगः–	**100**

1. **शारीरिक दक्षता परीक्षण (Physical Efficiency Test):**

वे उम्मीदवार जो उपरोक्त शारीरिक मापदण्ड पूर्ण करते हों, उनका निर्धारित शारीरिक दक्षता परीक्षण, निम्न तालिका अनुसार किया जाएगा। शारीरिक दक्षता परीक्षण की वीडियोग्राफी अनिवार्यतः की जाएगी।

क्र0 सं0	मद	न्यूनतम मापदण्ड पुरूष अभ्यर्थियों के लिए	न्यूनतम मापदण्ड महिला अभ्यार्थियों के लिए	अधिकतम अंक
1.	100 मीटर की दौड़	14 सैकेण्ड (कोई अतिरिक्त मौका नहीं दिया जाएगा।	17 सैकेण्ड (कोई अतिरिक्त मौका नहीं दिया जाएगा)।	केवल उत्तीर्ण होना आवश्यक है ।
2.	800 मीटर की दौड़	2 मिनट 45 सैकेण्ड (कोई अतिरिक्त मौका नहीं दिया जाएगा।	4 मिनट 15 सैकेण्ड (कोई अतिरिक्त मौका नहीं दिया जाएगा)।	केवल उत्तीर्ण होना आवश्यक है ।
3.	उंची कूद	1.25 मीटर (अधिकतम तीन मौके दिये जाएगें)	कम से कम 1 मीटर (अधिकतम तीन मौके दिये जाएगें)	केवल उत्तीर्ण होना आवश्यक है ।
4.	लम्बी कूद (long Jump)	4 मीटर (अधिकतम तीन मौके दिये जाएगें)।	कम से कम 3 मीटर (अधिकतम तीन मौके दिये जाएगें)।	केवल उत्तीर्ण होना आवश्यक है ।

2. वे उम्मीदवार जो शारीरिक दक्षता के सभी परीक्षणों में उत्तीर्ण होंगे, केवल उन्हें ही लिखित परीक्षा में बैठने का अवसर प्रदान किया जाएगा तथा लिखित परीक्षा की तिथि एवं स्थान के बारे में उन्हें शारीरिक दक्षता परीक्षण के बाद सूचित किया जाएगा। लिखित परीक्षा राज्य के समस्त वन वृतों में एक ही दिन संचालित की जाएगी।

3. लिखित परीक्षा में 85 objective type प्रश्न होंगे जिनके उत्तर हेतू 75 मिनट का समय दिया जाएगा। यह दसवीं कक्षा के स्तर या समकक्ष (equivalent standard) का होगा और इसमें हिन्दी व अंग्रेजी भाषा, सामान्य विज्ञान व गणित दसवीं के समक्ष, तथा जंगलों के प्रति, वातावरण एवं वन्यप्राणी की सामान्य जागरूकता, सामान्य ज्ञान, reasoning and aptitude इत्यादि प्रश्न शामिल होंगे। उत्तर पुस्तिका पर इस्तेमाल करने हेतू प्रार्थी को नीली/काली स्याही का बॉल पैन व लिखने के लिए गत्ता लाना अनिवार्य होगा।

4. लिखित परीक्षा के परिणामों पर आधारित योग्यता सूची (Merit list) के अनुसार उम्मीदवारों को मूल्यांकन [evaluation] हेतू बुलाया जाएगा जोकि हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा जारी अधिसूचना संख्या एफएफई– ए–बी –2– 8 /2017 दिनांक 26.08.2017 द्वारा संशोधित किए गए भर्ती एवं पदोन्नति नियमों के आधार पर तथा सरकार द्वारा समय–समय पर निर्दिष्ट दिशा–निर्देशों के अनुसार किया जाएगा। शारीरिक और लिखित परीक्षा को पास करने वाले उम्मीदवार को दस्तावेज सत्यापन के दौरान निम्नलिखित दस्तावेजों की मूल और स्वप्रमाणित प्रतिलिपि लानी होगी। अंकों का विभाजन निम्नप्रकार से हैं ।

क्र0 सं0	लिखित परीक्षा	
1.	(लिखित परीक्षा में प्राप्ताकों की प्रतिशतता 85 अंकों में से परिकलित की जानी है। उदाहरणार्थ, लिखित परीक्षा में 50 प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाले अभ्यार्थी को 42.5 अंक दिए जाएंगे)	85 अंक
2.	अभ्यर्थी का मूल्यांकन निम्नलिखित रीति में किया जाना है। (कुल 15 अंक)	15 अंक
क	भर्ती और प्रान्नति नियमों में विहित न्यूनतम शैक्षणिक अर्हता हेतू वीरयता। शैक्षणिक अर्हता में प्राप्ताकों की प्रतिशतता 0.025 से गुणा की जाएगी। उदाहरणार्थ किसी व्यक्ति ने अपेक्षित शैक्षिक अर्हता में 50 प्रतिशत अंक प्राप्त किए है, जो उसे 1.25 अंक (50 X 0.025 = 1.25 अनुज्ञात किए जाएंगे) ।	2.5 अंक
ख	यथास्थित, अधिसूचित पिछड़े क्षेत्र या पंचायत से संबंधित।	01 अंक
ग	भूमिहीन कुटुम्ब/एक हेक्टेयर से कम भूमि वाले कुटुम्ब को सम्बद्व राजस्व प्राधिकारी द्वारा प्रमाणित किया जाएगा।	01 अंक
घ	इस प्रभाव का गैर–नियोजन प्रमाण पत्र कि कुटुम्ब का कोई भी सदस्य सरकारी/अर्ध सरकारी सेवा में नहीं है।	01 अंक
ड़	40 प्रतिशत विकृत/निःशक्तता/दुर्बलता से अधिक वाले दिव्यांगजन।	01 अंक*
च	एन0एस0एस0 (कम से कम एक वर्ष) एन0सी0सी0 में प्रमाण पत्र धारक/भारत स्काउट और गाइड/राष्टीय की खेल स्पर्धाओं में पदक विजेता।	01 अंक
छ	सरकार द्वारा समय समय पर यथाविहित 40000/– से कम (समस्त स्त्रोतों से) वार्षिक आय वाला वी0पी0एल0 कुटुम्ब।	02 अंक
ज	विधवा/तालाक शुदा/आर्किचन/एकल महिला।	01 अंक
झ	इकलौती पुत्री/अनाथ	01 अंक
ञ	किसी मान्यता प्राप्त विश्वविधालय/संस्था से आवेदित पद से संबंधित कम से कम छह मास की अवधि का प्रशिक्षण।	01 अंक
ट	सरकारी /अर्धसरकारी संगठन में, आवेदित पद से संबंधित अधिकतम पांच वर्ष तक का अनुभव (प्रत्येक पूर्ण किए गए वर्ष के लिए 0.5 अंक)	2.5 अंक
ठ	(* क्योंकि वन रक्षक के प्रवर्ग को दिव्यांगजन के लिए तात्पर्यित तीन प्रतिशत आरक्षण से छुट इसलिए किसी भी अभ्यर्थी को इस बिन्दु के अधीन कोई अंक नहीं दिया जाएगा।	2.5 अंक

(IV) आवेदकों के लिए निर्देशः–

1. आवेदन वन विभाग की website URL: www.hpforest.nic.in के माध्यम से लिए जा रहे हैं जो सीधे URL: htpp://forp.hp.gov.in द्वारा भरे जा सकते हैं। **केवल online आवेदन ही मान्य होगें।**
2. उम्मीदवारों को स्थानीय समाचार पत्र के माध्यम से अथवा वन विभाग की website URL: www.hpforest.nic.in व URL: htpp://forp.hp.gov.in के द्वारा शारीरिक दक्षता परीक्षा के बारे सूचित किया जाएगा। यदि उम्मीदवारों को किसी कारणवश सूचना नहीं मिल पाती है तो वह शारीरिक दक्षता परीक्षा के शुरू होने से पहले वन वृत कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस को सुबह 10 बज़े से 5 बज़े सांय तक सम्पर्क कर सकते हैं।
3. अन्तिम तिथि के उपरान्त प्राप्त आवेदन पत्रों पर विचार नहीं किया जाएगा।
4. यदि कोई आवेदन पत्र अधूरा प्राप्त होता है तो उसे रद्द कर दिया जायेगा।

5. यदि शारीरिक दक्षता परीक्षा एवं व्यक्तिगत परीक्षा की प्रकिया निर्धारित तिथि को पूर्ण नहीं होती है तो वह अगले दिन भी जारी रहेगी।

6. आवेदक शारीरिक दक्षता परीक्षा व सत्यापन एवं मूल्यांकन के समय निम्नलिखित दस्तावेज़ मूलरूप में अपने साथ अवश्य लायें:–

क. मैट्रिक एवं 10+2 कक्षा पास का प्रमाण पत्र तथा अन्य शैक्षणिक योग्यता प्रमाण पत्र।

ख. अनुसूचित जाति/अनुसूचित जन जाति/अन्य पिछड़ा वर्ग/EWS व स्वतन्त्रता सैनानियों के बच्चों/पौत्र/ पौत्री/आई.आर.डी.पी./अन्तोदय **नवीनतम** प्रमाण पत्र।

ग. एन. सी. सी./एन. एस. एस./खेल,अन्य पाठ्य सहायक कियाओं में भाग लेने इत्यादि से सम्बन्धित प्रमाण पत्र।

घ.रोजगाार कार्यालय में पंजीकरण का प्रमाण पत्र।

ड. 4 पासपोर्ट साइज फोटोग्राफ

10. यदि प्रार्थी किसी भी परीक्षण के लिए निर्धारित तिथियों को निर्धारित समय **एवं स्थान पर** उपस्थित नहीं होता है तो उसकी उम्मीदवारी रद्द समझी जाएगी।

11. सक्षम प्राधिकारी बिना कोई कारण बताए/बिना शर्त इस चयन प्रकिया को समाप्त करने तथा पदों की संख्या में बदलाव का अधिकार रखता है।

12. अनुबन्ध पर नियुक्त अभ्यार्थी को किसी भी दशा में सेवा में नियमितिकरण का कोई अधिकार नहीं होगा।

13. यदि अभ्यार्थियों का आवेदन फार्म व उसमें दी गई सम्बन्धित जानकारी सही नही पाई जाती तो उसके आवेदन को किसी भी स्तर पर रद्द कर दिया जाएगा।

14. शारीरिक दक्षता परीक्षा की अनुमानित तिथियां – 21.09.2021 से 20.10.2021 तथा लिखित परीक्षा की अनुमानित तिथि 31.10.2021 है।

15. **संपूर्ण भर्ती प्रक्रिया अनुमानित** है **तथा कोविड–19 की दिशा निर्देश के अनुसार इसमें बदलाव संभव है।**

<u>आवेदन करने से पहले उपरोक्त शर्तों एवं पूर्ण विज्ञापन का अवलोकन करें।</u>

इस भर्ती की प्रकिया हिमाचल प्रदेश के सभी वन/वन्य प्राणी वृतों में हो रही है। अतः आवेदकों को सुझाव दिया जाता है कि वह अपने नज़दीकी वन/वन्य प्राणी वृत में ही आवेदन करें।

अन्य जानकारी के लिए अरण्यपाल सोलन वन वृत के कार्यालय में निम्नलिखित दूरभाष नम्बर पर सम्पर्क कर सकते हैं।

वन वृत सोलन 01792–292161

अरण्यपाल,
सोलन वन वृत, सोलन ।